बदहाली जरा सी बारिश में भर जाता है पानी, जलभराव से होती है लोगों को परेशानी, उखड़े पेवर ब्लॉक भी बन रहे समस्या

बारिश में बदहाली का शिकार एक मात्र चौपाटी

नवभारत, कटनी। शहर की एकमात्र चौपाटी मानसून की पहली बारिश में ही बदहाली की तस्वीर बन गई है। जिला अस्पताल के सामने और पुराने आरटीओ कार्यालय के पीछे स्थित इस चौपाटी पर जगह-जगह जलभराव, कीचड़, गड्ढे और निर्माण मलबा लोगों के लिए मुसीबत बन गए हैं। चौपाटी की स्थिति ऐसी है कि परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों और दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में दो दिन पहले हुई बारिश के बाद चौपाटी का बड़ा हिस्सा पानी में डूब गया है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में पानी भरने से पूरा परिसर छोटे-छोटे तालाब जैसा नजर आ रहा है। उखड़े हुए पेवर ब्लॉक, बिखरी गिट्टी और निर्माण सामग्री के मलबे के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। शाम के समय काफी संख्या में लोग यहां

पहुंचते हैं, लेकिन कीचड़ और जलभराव के बीच वाहनों के गुजरने से गंदा पानी लोगों पर उछलता है। फिसलन के कारण बुजुर्गों और बच्चों के गिरने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। चौपाटी के दुकानदारों का कहना है कि उनसे नियमित बाजार शुल्क लिया जाता है, लेकिन बदले में पीने के पानी और पर्याप्त रोशनी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें स्टेशन और मिशन चौक से पानी लाना पड़ता है या फिर महंगा पैकेज्ड पानी खरीदना पड़ता है। रात के समय स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट पर्याप्त नहीं होने से परिसर में अंधेरा रहता है। दुकानों के सामने पड़ा निर्माण मलबा बारिश में दलदल बन जाता है, जिससे ग्राहकों के फिसलने और चोटिल होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि हल्की बारिश ने ही नगर निगम के विकास कार्यों की हकीकत सामने ला दी है। यदि समय रहते गड्ढे नहीं भरे गए, मलबा नहीं हटाया गया और जल निकासी व रोशनी की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन और नगर निगम से चौपाटी की बदहाल व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने और इसे सुरक्षित बनाने की मांग की है। शहर की एकमात्र चौपाटी बारिश के मौसम में अपनी बदहाली के कारण चर्चा में है। शहरवासियों को मनोरंजन और खान-पान की सुविधा देने के उद्देश्य से बनाई गई यह चौपाटी अब अव्यवस्था और हादसों का केंद्र बन गई है। हाल ही में हुई मानसूनी बारिश ने यहां की जमीनी हकीकत को उजागर किया है, जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। चौपाटी का पूरा परिसर इस समय जलमग्न है। जगह-जगह बड़े गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से यह क्षेत्र छोटी-छोटी तलैया जैसा दिख रहा है। परिसर में मलबे के ढेर लगे हैं और गिट्टी, उखड़े हुए पेवर ब्लॉक बिखरे पड़े हैं। पैदल चलने वालों के लिए यहां से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। शाम होते ही काफी संख्या में लोग अपने परिवारों और दोस्तों के साथ यहां आते हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगती है। गड्ढों और कीचड़ के बीच से गुजरने वाले वाहनों से कीचड़ उछलकर लोगों के कपड़ों पर लग रही है। फिसलन के कारण बुजुर्गों और बच्चों के चोटिल होने का खतरा लगातार बना रहता है। इन गंभीर अव्यवस्थाओं के बावजूद, नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। चौपाटी में जल निकासी का कोई उचित इंतजाम नहीं है, और न ही गड्ढों को भरने की सुध ली जा रही है। यहां के व्यापारियों का कहना है कि उनसे हर महीने नियमित रूप से बाजार शुल्क वसूला जाता है।

कांग्रेस पर बढ़ा भरोसा, युवाओं ने ली पार्टी की सदस्यता

जिला कार्यालय पहुंचे युवक-युवतियों का किया गया स्वागत

नवभारत, कटनी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जनहितकारी सोच, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और युवाओं के हितों के लिए किए जा रहे संघर्ष से प्रेरित होकर ऋषभ पटेल अपनी मित्रमंडली सहित जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने सभी का कांग्रेस परिवार में आत्मीय स्वागत करते हुए विधिवत पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर अनिल बर्मन, देवेंद्र सोनी, हरिशंकर लोधी, ओम सेन, विजय प्रकाश यादव, मथुरा प्रसाद, सीमा पाल, रचना निषाद, अंकिता सकतेल, कंचन सूर्यवंशी सहित अनेक साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी नीतियों, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता और आम जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाने के कारण लगातार युवा और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने सभी नए सदस्यों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस नेताओं ने सभी युवाओं के उज्ज्वल राजनीतिक और सामाजिक जीवन की कामना की। कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी युवकों और युवतियों ने कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प लिया। सभी लोगों तक पहुंचाने भाजपा की गलत नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

एक नजर में

डेढ़ लाख रूपए के गांजा सहित युवक गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कुठला थाने की बिलहरी चौकी पुलिस ने एक युवक को दस किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 11 जुलाई को बिलहरी पुलिस को क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान मुरावल चौराहा से बडखेरा रोड पर फायरिंग रेंज के पास एक व्यक्ति हाथ में नीले सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी लिए हुए दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक छिपने का प्रयास करने लगा। युवक की संदिग्ध गतिविधि होने पर पुलिस टीम ने उसे घेराबन्दी कर पकड़कर लिया। युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा मिला। गांजा लगभग दस किलो है और उसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रूपए है। पुलिस ने गांजा रखने के आरोप में युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गांजा रखने के आरोप में पकड़ा गया आरोपी डिंडौरी जिले के शाहपुरा थाना अंतर्गत पड़रिया कला गांव निवासी गोया पावार पिता सबग पवार है। कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी अखिलेश दहिया, बिलहरी चौकी प्रभारी एसआई सुयश पाण्डेय, एएसआई दामोदर राव, प्रधान आरक्षक भरत विश्कर्मा, आरक्षक उमाकांत तिवारी, दिलकेश्वर सिंह, लव उपाध्याय, सौरभ जैन, सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी की भूमिका रही है। पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में की गई है।

एक ने हाथ पकड़कर रोका, दूसरे ने किया दुष्कर्म

पुलिस ने दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। जिले के स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 9 जुलाई 2026 को पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी जीतू झरिया ने उसका हाथ पकड़ा और रोका, जबकि दूसरे आरोपी विष्णु कुचबंदिया ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

घटना के बाद आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को उनके निवास ग्राम धनगवा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए आरोपी विष्णु कुचबंदिया और जितेंद्र उर्फ जीतू झारिया हैं। गिरफ्तारी के बाद मुख्य आरोपी विष्णु कुचबंदिया का शासकीय अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। सभी वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की विवेचना कर रही है।

375 किलोमीटर की पद यात्रा कर पहुंचे सांसद, दद्दा धाम में किया पूजन

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा

नवभारत, कटनी। जनकल्याण, देश-प्रदेश की समृद्धि, उन्नति, सभी के उत्तम स्वास्थ्य एवं लोकमंगल की कामना को लेकर प्रतिवर्ष पदयात्रा करने वाले छिंदवाड़ा के युवा भाजपा सांसद विवेक बंटी साहू की 375 किलोमीटर लंबी छिंदवाड़ा से मां शारदा धाम, मैहर तक की 14 दिवसीय पदयात्रा शनिवार को अपने दसवें दिन कटनी पहुंची। सैकड़ों पदयात्रियों के साथ पहुंचे सांसद का शहर में भाजपा पदाधिकारियों, दद्दा शिष्य मंडल और कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। सांसद विवेक बंटी साहू ने दद्दाधाम पहुंचकर पूज्य संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के मंदिर एवं समाधि स्थल पर

विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इसके बाद सांसद ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक अनुराग जैन, प्रबंधक सैयद सर, विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रकृति संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, वरिष्ठ नेता पीतांबर टोपनानी, दद्दा शिष्य मंडल के नीरज शास्त्री, विनीत गेड़ा, दीपक दुबे, रवि खरे, मृदुल मिश्रा, श्याम निषाद, अंकिता तिवारी, रम्मू साहू, अम्बरीष वर्मा, सचिन तिवारी, सपना सरावगी, कौशलेश मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, रणवीर कर्ण, ओमेंद्र अहिरवार 'ओमी', प्रदीप साहू सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समितियों के गठन के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा

ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

नवभारत, कटनी। कांग्रेस का ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार बैठकों का दौर जारी है। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित लोगों को पार्टी से जोड़ते हुए संगठन सृजन को लेकर विभिन्न ग्रामों का दौरा किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन सृजन के तहत ब्लाक, मंडलम और ग्राम समितियों के गठन को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गणेशराव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रवींद्र सिंह छोटू, शिवकुमार पटेल, जितेन्द्र सिंह,रत्नेश सिंह,रैवा प्रसाद,राजा बाबू, जगदीश पटेल, वंश गोपाल पटेल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओ के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में प्रताड़ना से तंग आकर किसान ने लगाई थी फांसी

उमरियापान पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान क्षेत्र में एक किसान द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई को रात करीब साढ़े 8 डायल 112 में सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति ग्राम बारगांव में फांसी लगा लिया है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फांसी लटके मृतक की पहचान बारगांव निवासी सोहबत लाल पिता मगनलाल चक्रवर्ती के

रूप में की गई। मृतक के शव की तलाश करने पर उसके पास से दो सुसाईड नोट भी मिले। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच दौरान मृतक के परिवारजनों के द्वारा दिए गए बयान और सुसाईड नोट से पाया गया कि मृतक सोहबत लाल और उनके चाचा के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। जो मृतक अपने चाचा जगदीश चक्रवर्ती, जगन्नाथ चक्रवर्ती, बैजनाथ चक्रवर्ती, रामनाथ चक्रवर्ती, चाची गीता बाई चक्रवर्ती और सरला बाई चक्रवर्ती द्वारा जमीन में कब्जा करने की बात से मानसिक रूप से प्रताडित था। जिनकी प्रताडना से तंग आकर 10 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जांच दौरान आरोपी जगदीश चक्रवर्ती, जगन्नाथ चक्रवर्ती, बैजनाथ चक्रवर्ती, रामनाथ चक्रवर्ती, गीता बाई चक्रवर्ती और सरला बाई चक्रवर्ती के खिलाफ बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई महेन्द्र जायसवाल, एसआई भरत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, अजय तिवारी, आरक्षक सतेन्द्र चौरसिया, नीलेश पटेल, मोहन मुबेल, रोहित झारिया दुर्गा शुक्ला की भूमिका रही।

गाय को बचाने में पलटी कार

नवभारत, कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी स्थित सब्जी मंडी के पास शनिवार देर रात कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार में सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार रात करीब 10 बजे हुई। चाका की तरफ से कटनी शहर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार सड़क पर बैठी गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे के बाद राहगीरों ने कार में फंसे तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

रथ यात्रा भव्यता से मनाया जाएगा भगवान जगन्नाथ का 144वां रथयात्रा महोत्सव, 15 जुलाई से शुरू होंगे धार्मिक कार्यक्रम

दिल्ली इस्कॉन मंदिर की भजन मंडली और जीवंत झांकियां रहेंगी आकर्षण का केन्द्र

नवभारत, कटनी। शहर की आस्था का प्रमुख केंद्र बाबा जगन्नाथ मंदिर एक बार फिर ऐतिहासिक और धार्मिक उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। श्री जगदीश स्वामी मंदिर कमेटी और श्री संक्रांति सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का 144वां भव्य रथयात्रा महोत्सव 15 जुलाई से 27 जुलाई 2026 तक बेहद श्रद्धा, भक्ति और अनूठे आकर्षणों के साथ आयोजित किया जा रहा है। समिति के सदस्यों की कड़ी मेहनत इस बार महोत्सव को और भी ज्यादा अलौकिक रूप देने वाली है। इस वर्ष का रथयात्रा महोत्सव पहले से कहीं अधिक भव्य होगा। शहर में पूरी तरह से भक्तिमय माहौल

निर्मित करने के लिए विशेष रूप से दिल्ली के इस्कॉन मंदिर की भजन मंडली को आमंत्रित किया गया है, जो अपने भजनों से पूरे नगर को गुंजायमान करेगी। इसके साथ ही दक्षिण भारत की कथक नृत्य की जीवंत झांकियां और अनेक भजन मंडलियां इस बार नगर वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। 15 जुलाई शाम 4 बजे से महोत्सव का शुभारंभ एक विशाल वाहन रैली के साथ होगा। 16 जुलाई शाम 4 बजे 1100 दीपों की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 16 जुलाई शाम 5 बजे भगवान जगन्नाथ जी की मुख्य भव्य रथयात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई सब्जी मंडी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचेगी। 17 से 22 जुलाई तक भगवान जगन्नाथ जी सब्जी मंडी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में विश्राम करेंगे। 23 जुलाई को माता जानकी की रथयात्रा भगवान को मनाने के लिए शाम 4 बजे जगन्नाथ मंदिर से माता जानकी का रथ रवाना होगा और प्रभु को मनाकर शोभायात्रा के माध्यम से वापस जगन्नाथ मंदिर लाया जाएगा। 24 से 26 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से जगन्नाथ मंदिर परिसर में देश की विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भव्य भजन संध्या, संकीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 27 जुलाई को सुबह हवन-पूजन, ब्राह्मण भोजन और कन्या भोजन के बाद विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जो प्रभु इच्छा तक लगातार चलेगा। श्री जगदीश स्वामी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी और सचिव शिव सोनी सहित मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारियों व सहयोगियों ने पूरे जिले वासियों और श्रद्धालुओं से सपरिवार इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर भगवान जगन्नाथ स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त करने और धर्म लाभ उठाने की भावभीनी की है।